# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता नगर निगम बरेली

## अल्पकालीन ई–निविदा सूचना

पत्रांक 749/अधि0अभि0/नि0वि0/2017–18 दिनांक 20/9/17

नगर निगम, बरेली द्वारा ट्रैफिक लाइट का कार्य करने वाली फर्मों को सूचित किया जाता है कि सोलर ट्रैफिक लाइट के वार्षिक अनुरक्षण का कार्य की ई–निविदा निम्नांनुसार आमंत्रित की जाती है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | वेबसाइड पर ई–निविदा प्रकाशन की तिथि व समय | :– | 22-09-17- (10:00 AM) |
| 2 | ई–निविदा डाउनलोड प्रारम्भ की तिथि/समय | :– | 22-09-17- (10:00 AM) |
| 3 | ई–निविदा अपलोड की प्रारम्भ तिथि/समय | :– | 22-09-17- (10:00 AM) |
| 4 | ई–निविदा अपलोड की अन्तिम तिथि/समय | :– | 06-10-17- (2:00 PM) |
| 5 | ई–निविदा खोली जाने की तिथि/समय | :– | 06-10-17- (3:00 PM) |

उक्त ई–निविदा उत्तर प्रदेश की ई–प्रक्योरमेन्ट की वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है तथा नगर निगम की वेबसाईट http://nagarnigambareilly.in पर भी उपलब्ध है। अन्य विवरण एवं शर्तें उक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

अधिशासी अभियन्ता
नगर निगम बरेली

———प्रकाशन हेतु नही———

प्रतिलिपिः–

1. सम्पादक, दैनिक समाचार पत्र **अमर उजाला एवं कैनविज टाइम्स** बरेली को इस अनुरोध के साथ कि अपने समाचार पत्र में उपरोक्त निविदा सूचना का प्रकाशन आगामी संस्करण में डी0ए0बी0पी0 दरों पर न्यूनतम स्थान में एक बार प्रकाशित करने का कष्ट करें तथा 02 प्रतियों के साथ बिल भुगतानार्थ प्रेषित करें तथा 02 अतिरिक्त प्रति मद उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।
2. नगर आयुक्त महोदय को सूचनार्थ।
3. मुख्य अभियन्ता महोदय को सूचनार्थ।
4. लेखाधिकारी को सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु।
5. सहायक अभियन्ता को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
6. सम्बन्धित लिपिक को इस निर्देश के साथ कि अपने–अपने क्षेत्रों से सम्बन्तिध टेण्डर की BOQ चेंक कर अपलोड कराना सुनिश्चित करें।
7. नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।
8. आई0टी0 एक्सपर्ट श्री अवनीश उपाध्याय नगर निगम, बरेली को इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त निविदा सूचना को नगर निगम की वेबसाइड पर प्रदर्शित करने का कष्ट करें।

अधिशासी अभियन्ता
नगर निगम, बरेली

# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता नगर निगम बरेली

## अल्पकालीन ई–निविदा सूचना

नगर निगम बरेली के समस्त पंजीकृत ठेकेदारों से उनकी पंजीकरण सीमा के अन्तर्गत सोलर ट्रैफिक लाइट के वार्षिक अनुरक्षण का कार्य की ई–निविदा निम्न प्रकार से आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र उत्तर प्रदेश की ई–प्रक्योरमेन्ट की वेबसाईट http://etender.up.nic.in व नगर निगम की बेवसाइट http://nagarnigambareilly.in पर देखी जा सकता है। निविदा के साथ–साथ 2 प्रतिशत जमानत धनराशि नगर निगम कोष में नगद आर0टी0जी0एस0 के माध्यम से नगर निगम के खाता सं0–3647000100980707 आई0एफ0एस0सी0 कोड– PUNB0364700 पंजाब नेशनल बैंक में जमा किया जाना अनिवार्य होगा। निविदा मूल्य+GST आर0टी0जी0एस0/डी0डी0 के माध्यम से ही देय होगा। जिसकी स्कैन कापी टेण्डर अपलोड करते समय अपलोड करनी होगी। आर0टी0जी0एस0 के माध्यम से नगर निगम के खाता सं0–3647000100980707 आई0एफ0एस0सी0 कोड– PUNB0364700 पंजाब नेशनल बैंक तथा डी0डी0 नगर आयुक्त नगर निगम बरेली के नाम देय होगा। जमा जमानत की रसीद एवं ई–निदा शुल्क की मूल रसीद स्कैन कापी निविदा के साथ अपलोड करना अनिवार्य होगा उक्त के अनुपस्थित ठेकेदार की ई–निविदा को अवैध माना जायेगा। अवशेष 8 प्रतिशत जमानत राशि अनुबन्ध के पूर्व न्यूनतम निविदादाता द्वारा जमा कराई जायेगी। वॉछित धरोहर धनराशि की हार्ड कापी दिनांक 06–10–2017 से पूर्व कार्यालय में प्राप्त कराना अनिवार्य होगा।

नगर आयुक्त बरेली का बिना कारण बताये किसी भी ई–निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार सुरक्षित होगा। ई–निविदादाता निविदा खुलने के सामय उपस्थित रह सकते है। निविदा खोले जाने की तिथि में यदि अवकाश होगो तो निविदाएँ अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी।

शर्तें:–

1. अनुबन्ध निर्धारित मूल्य के स्टाम्प पेपर पर फर्म को अपने खर्चे पर करना होगा, अनुबन्ध के दिनांक से ही अवधि की गणना की जायेगी।
2. यदि भविष्य में अनुबन्ध पत्र के शुल्कों (स्टांप शुल्क) के सम्बन्ध में कोई देयता होगी तो फर्म द्वारा पृथक से देय होगी।
3. वर्ष में 02 बार (06 माह पश्चात्) ट्रैफिक सिग्नलों की सफाई की जायेगी।
4. जनता से प्राप्त ट्रैफिक लाइट सम्बन्धी शिकायतों का निस्तारण प्रत्येक दशा में 03 दिवस के अंदर करना होगा अन्यथा 1000 रू0 प्रति कार्य दिवस जुर्माना फर्म द्वारा देय होगा।
5. वर्तमान में बीसलपुर चौराहा के सिग्नल की रिपेरिंग फर्म द्वारा स्वयं करायी जायेगी।
6. ट्रैफिक सिग्नल की जांच लोकल इंजीनियर/स्टाफ द्वारा प्रतिदिन जांच करायी जायेगी।
7. फर्म द्वारा स्टाफ को भुगतान करने की समस्त जिम्मेदारी फर्म की होगी।
8. फर्म को प्रत्येक माह भुगतान देय होगा।
9. भविष्य में कोई ट्रैफिक लाइट के दुर्धटनाग्रस्त होने की स्थिति में फर्म द्वारा एफ0आई0आर0 दर्ज कराकर, क्षतिग्रस्त ट्रैफिक लाइट के पार्टों की सूची उपलब्ध कराई जायेगी तथा केवल एक्सीडेन्टल केस में क्षतिग्रस्त सामान को बदलने हेतु जैसे ट्रैफिक लाईट, कन्ट्रोरल, टाइमर, केबिल वायर आदि का भुगतान नगर निगम द्वारा पूर्व निर्धारित दरों पर फर्म को किया जायेगा।
10. किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति मे वाद के निस्तारण हेतु बरेली न्यायालय क्षेत्र ही मान्य होगा।
11. किसी भी विवाद की स्थिति में नगर आयुक्त नगर निगम बरेली को Arbitrator नियुक्त किया जाता है तथा उनके द्वारा लिया गया निर्णय अन्तिम एवम् उभय पक्षों को मान्य होगा।
12. अपलोड किये जाने वाले प्रपत्रों का विवरण निम्नवत् है।
    A– ई–निविदा शुल्क की स्कैन कापी।
    B– धरोहर धनराशि की स्कैन कापी।
    C– पैन नं0/टैन नं0 की स्कैन कापी।
    D– जी0एस0टी0 के रजिस्ट्रेशन की स्कैन कापी।
    E– कार्यों के अनुभव की स्कैन कापी।

| | |
|---|---|
| वेबसाइड पर ई–निविदा प्रकाशन की तिथि व समय | 22-09-17- (10:00 AM) |
| ई–निविदा डाउनलोड प्रारम्भ की तिथि/समय | 22-09-17- (10:00 AM) |
| ई–निविदा अपलोड की प्रारम्भ तिथि/समय | 22-09-17- (10:00 AM) |
| ई–निविदा अपलोड की अन्तिम तिथि/समय | 06-10-17- (2:00 PM) |
| ई–निविदा खोली जाने की तिथि/समय | 06-10-17- (3:00 PM) |

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | आगणन धनराशि (रू0) | निविदा मूल्य + GST | जमानत धनराशि (रू0) | अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | बीसलपुर चौराहा व मिनी बाईपास रामपुर रोड बरेली पर सोलर ट्रैफिक लाइट के वार्षिक अनुरक्षण का कार्य। | 480000.00 | 472 | 1000.00 | 1 वर्ष |

अधिशासी अभियन्ता
नगर निगम बरेली